Email sent 3/3/25

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद सम्भल) के अन्तर्गत जनपद सम्भल में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24–02–2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक **24.02.2025** को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

1. जिलाधिकारी महोदय, सम्भल।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।
3. श्री चर्चित चौधरी, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।
4. श्री जयअप्पा, डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 मुरादाबाद।
5. श्री अभिषेक सिंह, फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।
6. श्री रिक्की, फर्म प्रतिनिधि मै0 एन0के0जी0–प्राइमस(जे0वी0) नई दिल्ली।
7. श्री फैजान, फर्म प्रतिनिधि मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 अहमदाबाद।
8. श्री आशीष, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0।

**वर्तमान समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

**1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 280 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 185 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 185 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 185 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- दिनांक 24.02.2025 तक 1448.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान में 95624 गृह जल संयोजन किये गये हैं। 30 दिवस में कोई भी गृह जल संयोजन नहीं किया गया है, जोकि खेद का विषय है। अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान में 71 नग OHT Complete व 114 नग पर कार्य प्रगति पर है। वर्तमान तक 64 नग OHT 75–99 प्रतिशत प्रगति की श्रेणी में हैं।
- वर्तमान में 163 पम्प हाउस पूर्ण व 22 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है।
- दिनांक 24.02.2025 तक 148 सोलर पैनल अधिष्ठापित किये गये व 04 पर कार्य प्रगति पर था।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि 25 मार्च 2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त ग्रामों की समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये व ओ.एच.टी. पूर्ण होने की दशा में टेस्टिंग करके क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि 25.03.2025 तक 10 योजनाएं पूर्ण कर रख–रखाव व संचालन प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।



Scanned with CamScanner

2— जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:—

मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0

- फर्म को आवंटित 15 नग राजस्व ग्राम, 10 नग DPR के सापेक्ष शत—प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- 165.00 कि0मी0 के सापेक्ष 163.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य 25 मार्च 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- 10385 नग के सापेक्ष 10313 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 03 नग ओ.एच.टी. पूर्ण व 03 नग ओ.एच.टी. के कार्य प्रगति पर हैं।
- फर्म को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के समस्त कार्य दिनांक 31.03.2025 तक पूर्ण कर लिये जायें व 25 मार्च 2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये।

3— जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज—3 :—

मै0 एन0के0जी0—प्राइमस (जे0वी0) न्यू देहली :—

- फर्म को आवंटित 564 नग राजस्व ग्राम, 360 नग DPR के सापेक्ष शत—प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 363 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 363 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 363 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- दिनांक 24.02.2025 तक 3360.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं।
- वर्तमान तक 160462 गृह जल संयोजन किये गये हैं। 30 दिवस में कोई भी गृह जल संयोजन नहीं किया गया है, जोकि खेद का विषय है। फर्म को गृह जल संयोजन का कार्य 25.03.2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।
- वर्तमान तक मात्र 93 नग OHT पूर्ण हैं व 264 OHT पर कार्य प्रगति पर है। OHT के सम्पूर्ण कार्य तीव्रगति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- वर्तमान तक 304 सोलर पैनल पूर्ण हैं व 23 पर कार्य प्रगति पर है।
- मै0 एन0के0जी प्राईमस, जेवी न्यू देहली द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 03.03.2025 से समस्त योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिये जायेंगे।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि 31.03.2025 तक प्रत्येक दशा में समस्त ग्रामों की समस्त सड़कों को पुर्नस्थापित कर लिया जाये।
- फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि 25.03.2025 तक 15 योजनाएं पूर्ण कर रख—रखाव व संचालन प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

**सभी फर्मों हेतु Common दिशा—निर्देश:—**

- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधिकतम 25 मार्च 2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जाये।
- समस्त फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़कों की पुर्नस्थापना का कार्य अधिकतम दिनांक 25.03.2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिए जायें।



Scanned with CamScanner

जिन योजनाओं पर सोलर पैनल अधिष्ठापित किये जा चुके हैं, उन पर सुबह–शाम नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

आई0एस0ए0 द्वारा अवशेष गृह जल संयोजन लेने हेतु ग्रामवासियों को जागरूक करें।

पेयजल योजनाओं पर शिकायत रजिस्टर व पम्प लॉग बुक उपलब्ध रहे।

योजना के समस्त कार्य समस्त एजेन्सी द्वारा 31.03.2025 तक पूर्ण कर लिये जाये।

चौपाल में ग्राम में गठित कमेटी की सूची जलकल परिसर में रखी जाये।

अवशेष गृह जल संयोजन का कार्य समस्त एजेन्सियों द्वारा शीघ्र पूर्ण कर लिये जाये, ताकि सी0एम0 डैशबोर्ड पर प्रगति में वृद्धि हो सके।

- जिन योजनाओं के कार्य पूर्ण हैं उन पर ऑटोमेशन को क्रियाशील करायें, जिससे प्रभावी अनुश्रवण हो सके।
- जिन ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामों में लीकेज होते हैं तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराते हुए पेयजलापूर्ति करायें।

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सम्भल।**

पत्रांक 743 / JJM- SBL / 13 दिनांक 28/02/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
3– मुख्य अभियन्ता महोदय(मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
4– अधीक्षण अभियन्ता महोदय (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद।
5– जिलाधिकारी महोदय सम्भल।
6– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सम्भल।
7– समस्त कार्यरत ऐजेन्सी (जल जीवन मिशन कार्यक्रम)।
8– पी0एम0 टी0पी0आई0ए0 जनपद मुरादाबाद।
9– डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 सम्भल।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner